# एक पेड़ से हर दिन मिलती है 230 लीटर ऑक्सीजन : प्रो. सारंगदेवोत

## विश्व पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी के पुनर्स्थापन व सरंक्षण पर संगोष्ठी




विश्व पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी के पुनर्स्थापन व सरंक्षण पर आयोजित संगोष्ठी को प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत ने संबोधित किया।

**उदयपुर।** विश्व पृथ्वी दिवस पर जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की ओर से सोमवार को महाविद्यालय के सभागार में आयोजित विश्व पृथ्वी दिवस : पृथ्वी के पुनर्स्थापन व सरंक्षण पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत ने कहा कि ब्रह्मांड में पृथ्वी एक ऐसा ग्रह है जिसमें जीवन है, जीवन को बचाना है तो पहले पृथ्वी को बचाना होगा। भारत में वसुधा को पूजने की परंपरा रही है। उपनिषदों में पृथ्वी को वसुधा कहा गया है। विभिन्न प्राकृतिक तत्वों से बनी वसुधा यानी पृथ्वी आज मानवीय भूलों की वजह से बडे संकट से जूझ रही है। पृथ्वी का नाम आते ही इसकी व्यापकता पर भी गौर करने की जरूरत है, जिसमें जल, हरियाली, वन्य प्राणी प्रदूषण और इससे जुडे अन्य तत्व शामिल हैं। धरती को बचाने के लिए इन सभी चीजों का संरक्षण करना बेहद जरूरी है। कहीं ना कहीं हमने ही आधुनिकता व शहरीकरण की रेस में पृथ्वी के संरक्षण की अनदेखी की है। कोरोना महामारी के दौरान हुए लॉकडाउन के बाद पर्यावरण में काफी बदलाव आया था। प्रदूषण का स्तर भी कम हो गया था, मगर इसके कुछ ही महीनों बाद हम लोग पर्यावरण संरक्षण को भूलते हुए पर्यावरण की चिंता किए बगैर अपनेकामों में वापस जुट गए। मौजूदा स्थिति हमें सचेत करती है कि प्रदूषण को कम करने के लिए हमें अपने डेली रूटीन में बदलाव लाने की जरूरत है। एक पेड हर दिन लगभग 230 लीटर ऑक्सीजन देता है जो कई लोगों की जिंदगी बचाती है। वृक्ष कार्बन डाईऑक्साइड को ऑक्सीजन में बदलते हैं। एक वृक्ष प्रतिवर्ष 12 टन कार्बनडाई ऑक्साइड को अवशोषित कर 0.4 टन ऑक्सीजन देता है। इसके अलावा वृक्ष अल्ट्रावायलेट किरणों से हमें बचाते है। प्रकृति को नजरअंदाज करने से 3० प्रतिशत तक टाप स्वायल नष्ट हो चुके है, समुद्र भी 30 प्रतिशत तक प्रदूषित हो गया है। ऐसे समय में धरती को जैविक इकाई मान कर अपनी गतिविधियों को ठीक करना होगा। पृथ्वी संरक्षण को लेकर आज प्रत्येक व्यक्ति को सक्रीय रूप से कार्य करना होगा तभी संरक्षण की अलख जगाई जा सकती है।

मुख्य अतिथि कुलप्रमुख भंवर लाल गुर्जर ने कहा कि जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2024 में अमेरिकी दूतावास नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित सत्र के पैनल में यह प्रश्न उठा था कि क्या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग पृथ्वी पर जलवायु सरंक्षण के लिए नहीं किया जा सकता है? तब बताया गया कि एआई जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में अनुमान भी लगा सकता है और ऑप्टिमाइजड भी कर सकता है। नवीन तकनीक के दुरुपयोग नहीं उपयोग की जरूरत है। प्रारंभ में प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संगोष्ठी की जानकारी दी। संचालन डॉ. हरीश चौबीसा ने किया आभार डॉ. रचना राठौड ने जताया।

## ओ.आर.एस. पैकेट्स की हो पूर्ण व्यवस्था

**डूंगरपुर।** भीषण गर्मी को देखते हुए मतदान दलों के रवानगी स्थल पर पेयजल एवं ओआरएस घोल के पैकेट की पूर्ण रूप से व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए हैं। यह निर्देश सोमवार को जिला कलक्टर सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर कुलराज मीणा ने पीएचईडी अधीक्षण अभियंता तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। एडीएम मीणा ने कहा कि मतदान दलों की रवानगी स्थल पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीमें पूर्ण मेडिकल सुविधाओं के साथ मौजूद रहे। साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल एवं ओआरएस घोल पैकेट्स की समुचित व्यवस्था की जाएं।

बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी ने मतदान दलों के रवानगी स्थल पर अलग-अलग जगह पर मौका स्थल पर आवश्यकता को देखते हुए ओआरएस घोल पैकेट्स की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने की बात कही। बैठक में एडीएम मीणा ने मेडिकल कीट, चिकित्सा सुविधाओं की तैयारी की समीक्षा की जिस पर सीएमएचओ डॉ. अलंकर गुप्ता ने बताया कि मेडिकल कीट तैयार कर लिए गए हैं तथा रवानगी स्थल पर चार मेडिकल टीम तथा चार एंबुलेंस मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही प्रत्येक बूथ पर भी एएनएम एवं चिकित्सा विभाग के कार्मिक आवश्यक चिकित्सा व्यवस्थाओं के साथ मौजूद रहेंगे।

## सार-समाचार

### ट्राई साईकिल रैली निकाली



राजसमंद में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान जागरूकता के लिए ट्राई साईकिल रैली निकालते दिव्यांग एवं विद्यार्थी।

**राजसमंद।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती गांव पीपली आचार्यन में स्वीप कार्यक्रम के तहत शनिवार को ट्राई साईकिल रैली और रविवार को वोटर मोबाइल फ्लैश रैली निकाली गई। पीओ ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में बीएलओ सत्यनारायण लोहार, पुष्कर मेघवाल, आंगनवाडी कार्मिक चंदा तिवारी, लीला पूर्बिया, नरेगा मेट पूरन रावत, ग्राम विकास अधिकारी विजयसिंह शक्तावत एवं ग्राम पंचायत के जागरूक मतदाता मौजूद थे। विद्यालय के छोटे विद्यार्थियों ने मतदान जागरूकता के नारे लगाए और आम नागरिकों को 26 अप्रैल को शत प्रतिशत मतदान को प्रेरित किया।

### पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में व्याख्यान

**उदयपुर।** मोहनलाल सुखाडिया विवि के भू विज्ञान विभाग द्वारा सोमवार को पृथ्वी दिवस व्याख्यान और जागृति के रूप में मनाया गया। विभागाध्यक्ष डॉ रितेश पुरोहित ने बताया कि मुख्य वक्ता डॉ. आर.एल.मुंशी सेवानिवृत्त उपमहानिदेशक भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने छात्रों को पृथ्वी पर उत्पन्न होने वाली विभिन्न प्रकार की समस्याओं के प्रति अपने व्याख्यान से जागृति पैदा करने कि कोशिश की। विद्यार्थियों को बताया कि प्लास्टिक एवम अन्य सामग्री द्वारा पृथ्वी के बायोस्फीयर पर विभिन्न प्रकार के दुष्प्रभाव पड रहे हैं जिससे आने वाले समय में समस्त जीवों के लिए जीवन यापन असंभव हो जाएगा। विभागाध्यक्ष डॉ रितेश पुरोहित ने छात्रों को प्लास्टिक के उपयोग के प्रति चेतना जागृत करते हुए प्रतिदिन के कार्यशैली में प्लास्टिक प्रयोग को घटाने का आव्हान किया।

### समस्त परीक्षाएं स्थगित

**उदयपुर।** मोहनलाल सुखाडिया विवि की 25, 26 एवं 27 अप्रैल को होने वाली वार्षिक एवं सेमेस्टर पद्धति की समस्त परीक्षाएं लोक सभा चुनाव के मद्देनजर स्थगित की है। प्रवक्ता डॉ. कुंजन आचार्य ने बताया कि स्थगित प्रश्न पत्रों की नई परीक्षा तिथियां विवि वेबसाईट पर उपलब्ध है।

## उदयपुर सौर वेधशाला में शैक्षणिक भ्रमण किया

■ 100 छात्राओं की 1 टीम ने किया भ्रमण

**राजसमंद।** जिला मुख्यालय स्थित बीएन पीजी गर्ल्स कॉलेज की भौतिक विज्ञान विभाग की छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित हुआ। प्राचार्य डॉ अपर्णा शर्मा ने बताया कि 100 छात्राओं की 1 टीम ने उदयपुर के मध्य स्थित सौर वेधशाला में भ्रमण किया।

उपाचार्य डॉ इन्द्रसिंह राठौड ने बताया कि यह वेधशाला सूर्य के रहस्यों का अध्ययन करने वाली दुनिया के शीर्ष संस्थानों में से एक है। भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ सान्त्वना बापना ने बताया कि इस वेधशाला में भारत का एकमात्र टेलिस्कोप ग्लोबल ओसीलेशन नेटवर्क गु प (जीओएनजी) उपस्थित है। इसके साथ ही यहाँ 5० सेन्टीमीटर अपार्चर का एक मल्टी एप्लीकेशन सोलर टेलीस्कोप (मास्ट) लगा है। जिसकी सहायता से सूर्य के प्रकाश को फोकसित कर शोध किए जाते है। प्रो शिबू के मैथ्यू, रम्या बी-रेड्डी, अनिशा कुल्हरी व रवि चोरसिया ने शोध से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की। साथ ही सूर्य की विभिन्न परतों की जानकारी दी और इस टेलीस्कोप से प्राप्त डाटा से सूर्य में होने वाली विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। उच्च रिजॉल्यूशन के विशेष टेलीस्कोप से देखने पर सौर ज्वालाएँ भी स्पष्ट रूप से दिखाई गई। इन आंकडो से सूर्य के चुम्बकीय क्षेत्र में बदलाव, विस्फोट और अंतरिक्ष के मौसम पर पडने वाले प्रभाव के कारणों को समझाया गया। फोटोस्फेयर पर सन स्पॉट को भी दिखाया गया। इस सौर वेधशाला के भ्रमण से छात्राओं ने सूर्य की गर्मी में छिपे विभिन्न रहस्यों की जानकारी प्राप्त की।

## "नृत्यम -2024" का आयोजन

**उदयपुर।** भारतीय लोक कला मण्डल में विश्व नृत्य दिवस के अवसर पर 29 अप्रैल को "नृत्यम- 2024 का आयोजन किया जाएगा।

भारतीय लोक कला मण्डल के निदेशक डॉ. लईक हुसैन ने बताया कि 29 अप्रैल को पूरे विश्व में "विश्व नृत्य दिवस के रूप में" मानाया जाता है। इसकी शुरूआत वर्ष 1982 में नृत्य को बढावा देने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान द्वारा की गयी थी। यह वर्ष 42वे अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिसमें शास्त्रीय नृत्य शैली के कार्यक्रम आयोजित किये जाएगे। जिसमें प्रसिद्ध नृत्य गुरुओं एवं उनके शिष्यों द्वारा नृत्य के प्रदर्शन किये जाएगें तो कार्यक्रम में भारतीय लोक कला मण्डल के कलाकारों द्वारा राजस्थानी लोक नृत्य की प्रस्तुतियाँ दी जाएगी। इच्छुक प्रतिभागी 25 अप्रैल तक कार्यालय समय में अपना पंजीयन करा सकते हैं।

## शासनिक राव समाज का महारूद्र महायज्ञ स्नेह मिलन हुआ



कैलाशपुरी में शासनिक राव समाज वार्षिक उत्सव संपन्न हुआ।

**उदयपुर।** कैलाशपुरी में शासनिक राव समाज का 46 वां वार्षिक उत्सव स्नेह मिलन एवं महारूद्र महायज्ञ का आयोजन संपन्न हुआ।

इस वर्ष कार्यक्रम का आयोजन दौलत सिंह सेवाली उनके पुत्र लक्ष्मण सिंह , देवेंद्र सिंह सेवालिया परिवार की ओर से आयोजित किया गया । प्रदेश मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया ने बताया कि कार्यक्रम की भव्यता और भारतीय सभ्यता और संस्कृति से ओतप्रोत रहा जिसमें कार्यक्रम में उदयपुर संभाग के संतों ने भाग लेकर कार्यक्रम को चार चांद लगाए। महंत अवधेश चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज सूरजकुंड, संतोषनाथ महाराज आयता की धूनी ,ज्ञानानंद सरस्वती महाराज कैलाश टेकरी, सूरज गिरी महाराज, हितेश्वरानंद सरस्वती महाराज ,स्वामी सुदर्शनाचार्य जी महाराज, दंडी स्वामी गोपाल पुरी जी महाराज ,मोहनपुरी जी महाराज, दंडी स्वामी ओमाश्रम महाराज, धर्मनाथ जी महाराज, श्रवण गिरी जी महाराज ने पधारकर संतवाणी से कार्यक्रम में चार चांद लगाए। संतों का समाज की ओर से भव्य स्वागत सम्मान किया गया।

एकीकृत मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया ने बताया कि 20 अप्रैल को रात्रि भजन संध्या का आयोजन हुआ। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का आयोजन प्रारंभ किया गया। राष्ट्र गीतों के कार्यक्रम से देर रात तक समा बंधा रहा। 21 अप्रैल को सभी साधु संतों का आयोजक परिवार द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। महा रूद्र महायज्ञ का आयोजन हुआ पूर्णाहुति के साथ यज्ञ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बागसिंह मणधर सेवानिवृत्ति आर ए एस,विशिष्ट अतिथि राव प्रहलाद सिंह देवपुरा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय राव राजपूत महासभा, हेमंत सिंह फतेहपुर राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय राव राजपूत महासभा जयपुर, हिंदू सिंह झांकरी संरक्षक वागड राव समाज, खुमान सिंह गरडा अध्यक्ष वागड राव समाज, नारायण सिंह ऐवडी समाजसेवी पूर्व सरपंच, मेवाड शासनिक राव समाज के अध्यक्ष हिम्मत सिंह भीटवाडा, आवरी माता सराय के अध्यक्ष राम सिंह सरवानिया, राजस्थान राव छात्रावास उदयपुर अध्यक्ष शैतान सिंह गूगली ,राजस्थान राव वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष हरि सिंह खाम की मादडी, शासनिक राव पेंशनर समाज अध्यक्ष महेंद्र सिंह गूगली, सारांश संस्था अहमदाबाद के अध्यक्ष बलदेव सिंह भीटवाडा के साथ में वागड, पांचपत्ती, मारवाड, जयपुर ,शेखावाटी से बडी संख्या में समाज बंधुओ ने शिरकत की।

## पक्षियों के लिए चुग्गा पात्र एवं परिण्डे बांधे

**राजसमंद।** पृथ्वी दिवस पर समस्त जिलों में मनाया जा रहा है जिसमें भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय सीओ गाइड अभिलाषा मिश्रा की ओर से स्काउटर/गाइडर एवं रोवर रेन्जर के साथ पृथ्वी दिवस पर पक्षियों के लिए परिण्डे व चुग्गा पात्र लगाए गए।

पौधों को पानी दिया गया एवं परिसर की साफ-सफाई भी की गई। इसके साथ रोवर रेन्जर ने शपथ ली कि हम अपने घर में भी पक्षियों के लिए परिण्डे व चुग्गा पात्र लगायेंगे और अपने घर एंव आसपास के पेड-पौधों की देखभाल करेंगे। विद्यालय स्तर पर जैसे राबाउमावि आसोटिया, राउमावि एमडी, राउमावि भाटोली, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय चारभुजा, राउमावि मियाला, राउमावि सुन्दरचा, एसआरके कॉलेज के साथ-साथ अनेक विद्यालयों में पृथ्वी दिवस पर कईं गतिविधियां की गई। इसमें पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, गमलों एवं ट्री गार्ड पर कलर, पौधारोपण एवं विद्यालय परिसर की साफ - सफाई आदि सेवा कार्य किए गए। इस दौरान जिला मुख्यालय के स्काउटर धर्मेन्द्र गुर्जर, प्रेमराज मीणा, गाइडर उर्मिला पुरोहित, निर्मला धोबी, सीनियर रोवर लोकेश, दर्शन, मधूसूदन, कुन्दन, श्वेता, मन्जु सहित मौजूद थे।

**आम सूचना**

डिस्ट्रीक्ट लेवल एन्वायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी, राजसमंद (राज.) के पत्र F-1/DEIAA/Mines/2016/2029 दिनांक 13/1/2017 द्वारा मैसर्स Maruti Mines & Minerals एम.एल.नम्बर 18/2003 एरिया 4.001 हेक्टयर वास्तेQuartz & Feldspar निकट ग्राम Madri (Devsthan) तहसील Rajsamand व जिला राजसमन्द के पक्ष में पर्यावरण क्लीरियेन्स जारी की गई है।
उक्त पर्यावरण क्लीरियेन्स की प्रति राजस्थान प्रदुषण मण्डल (राज.) (SEIAA) राजस्थान जयपुर व सम्बन्धित विभागों में उपलब्ध है तथा इसे राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर (राज.)**

क्रमांक:-क.ब./2023-24/720 दिनांक22.4.2024

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कच्ची बस्ती आवास सर्वे संख्या 47 जो डि-नोटिफाइड कच्ची बस्ती इन्द्रा कॉलोनी, गोवर्धन विलास,उदयपुर में स्थित है जिसका आकार 88.11 वर्ग गज होकर आवासीय पट्टा जारी है। इस आवास को प्रार्थी श्री रमेश नवलचंद जैन पुत्र श्री नवलचंद जैन जाति जैन निवासी-हाल 3/259, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी गोवर्धन विलास, उदयपुर ने अपने नाम पर नामान्तरण जारी करने हेतु इस कार्यालय में दिनांक 08.04.2024 को आवेदन प्रस्तुत किया है।

पूर्व में उक्त सर्वे संख्या 47 जो डि-नोटिफाइड इन्द्रा कॉलोनी, गोवर्धन विलास,उदयपुर नगर निगम उदयपुर के द्वारा दिनांक 09.07.2013 को श्री रणबीर सिंह पुत्र स्व.श्री गुल बहादुर सिंह एवं श्रीमती जसप्रित कोर के नाम से आवासीय नियमन किया गया। वर्तमान में उक्त आवास श्री रणबीर सिंह पुत्र स्व.श्री गुल बहादुर सिंह एवं श्रीमती जसप्रित कोर के नाम आलेख में दर्ज है।

प्रार्थी ने उक्त आवास स्व: घोषणा पत्र, पहचान पत्र एवं पंजीवृत्त विक्रय पत्र दिनांक 05.04.2024 के दस्तावेज के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण चाहा जा रहा है।

अत: समस्त आम-खास को सूचित किया जाता है कि उक्त आवास प्रार्थी के नाम करने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन से 07 दिनों के भीतर इस कार्यालय में लिखित में प्रमाणित दस्तावेजों के साथ कच्ची बस्ती शाखा में प्रस्तुत करें, बाद समाप्त अवधि नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। सूचित हो।

**आयुक्त-नगर निगम, उदयपुर**

## महिला मार्च निकाल कर दिया मतदान का संदेश

**राजसमंद।** स्वीप के सतरंगी सप्ताह के तहत जिले में संचालित राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) की ओर से गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने महिला मार्च निकालकर मतदान जागरूकता का संदेश दिया।

राजीविका डीपीएम डॉ सुमन अजमेरा ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ भंवरलाल के निर्देशन में एडीएम नरेश बुनकर, स्वीप नोडल अधिकारी जिला परिषद सीईओ हनुमानसिंह राठौड ने हरी झंडी दिखाकर रैली की शुरुआत की। जिला कलक्टर के निर्देशन में सतरंगी सप्ताह मतदाता जागरूकता महाभियान के तहत जिले की राजीविका द्वारा गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने वोट करूंगी तभी तो बढूंगी थीम पर पैदल महिला मार्च निकाला जो जिला कलक्टर कार्यालय से प्रारम्भ होकर राजनगर रोड होते हुए पंचायत समिति कार्यालय राजसमंद पर महिला मार्च का समापन हुआ। मार्च के दौरान महिलाओं ने बैनर, हाथों में तख्तियां लेकर नारों की गूंज के साथ लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखते हुए स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया। ज्ञात हो कि राजीविका टीम मतदाता जागरूकता की दिशा में विधानसभा चुनाव की तरह ही लोकसभा चुनाव में भी मतदान प्रतिशत बढाने के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी हेमन्त बिन्दल, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी रविन्द्र तौमर व टीम सहित राजसमंद ब्लॉक के सीएलएफ स्टाफ एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद थे।

## बीएन में पृथ्वी दिवस मनाया

**उदयपुर।** भूपाल नोबल्स पब्लिक स्कूल में सोमवारको पृथ्वी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ.सीमा नरूका ने बताया कि इस अवसर पर पृथ्वी दिवस को थीम आधारित मनाया जो प्लास्टिक मुक्त शहर पर आधारित था जिसमें बच्चों ने नाटक या कविता के साथ पृथ्वी बचाओ का संदेश दिया और सभी बच्चों ने प्लास्टिक बैग का उपयोग नहीं किया तथा शहर को प्लास्टिक मुक्त रखने का संदेश देते हुए पेपर बैग मेकिंग प्रतियोगिता में अधिकाधिक विद्यार्थियों ने भाग लेकर प्लास्टिक को पूर्ण रूप से हटाने की मुहिम को मूर्तरूप दिया।बी.एन.पी.एस. बालवाटिका में बच्चों ने धरती दिवस मनाया और पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त रखने का संदेश दिया,इस तरह की विभिन्न प्रतियोगिताओ एवं प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों को पृथ्वी व प्रकृति के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया, एवं कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने वृक्ष बचाओ विषय पर नाटक द्वारा प्रकृति के प्रति प्रेम व जागरूकता का पाठ सिखाया। संयोजिका संगीता शर्मा थी।

**वहीं राजसमंद के** जिला मुख्यालय स्थित एसआरके कॉलेज में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य सुमन बडोला के निर्देशन में भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्राणी विज्ञान के प्रोफेसर डॉ दुर्गेश शर्मा ने विश्व में होने वाले पर्यावरणीय परिवर्तनों एवं उससे होने वाले नुकसान पर व्याख्यान दिया। बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों ने वृक्षारोपण किया गया है।

## राम जयघोष के साथ दातापति मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव शुरू

**उदयपुर।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सोमवार को हिरणमगरी सेक्टर 4 स्थित दातापति हनुमान मंदिर में बालाजी का अभिषेक किया गया।

मंदिर के महंत रामदास वैष्णव ने बताया कि सोमवार सवेरे जयश्रीराम जयघोष के साथ हनुमान जन्मोत्सव शुरू हुआ। इस अवसर पर मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने मंदिर परिसर में बैठ कर हनुमान चालिसा एवं सुन्दरकाण्ड के पाठ किए। इस अवसर पर मंदिर में पंडित जयनारायण आमेटा के आचार्यत्व में बालाजी का सुन्दरकाण्ड पाठ उच्चारण के साथ अभिषेक किया गया। इस अवसर पर सोहनदास वैष्णव ने बालाजी की विशेष आंगी की । मंदिर में विशेष रोशनी व सजावट की गई। इस अवसर पर आने वाले महिला एवं पुरूष भक्तों ने संगीतमय भजन किर्तन किए जो दिन भर चले । सांय बालाजी की महाआरती की गई तथा श्रद्धालुओं ने संगीत मय सुन्दरकाण्ड किए तथा बालाजी के भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। मंदिर के महंत रामदास वैष्णव ने बताया कि प्रभू श्रीराम के भक्त हनुमानजी का जन्मोत्सव मंगलवार को धूमधाम से मनाया जाएगा।इस अवसर पर सुन्दरकांड व हनुमान चालिसा के पाठ व सांय महाआरती के मनोरथ होंगे। बलाजी के जन्मोंत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह बना हुआ है। महंत ने क्षैत्र के भक्तों से इस अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।



उदयपुर हिरणमगरी सेक्टर 4 स्थित दातापति हनुमान मंदिर में बालाजी की श्रृंगारित प्रतिमा।

## प्रेरणा उत्सव में भाग लेकर लोटे दल का स्वागत किया

**राजसमंद।** जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रेरणा उत्सव में भाग लेकर लोटे दल का स्वागत किया एवं उन्होने अपने अनुभवो से विद्यालय परिवार को अवगत कराया।

प्राचार्य घनश्याम मीना ने बताया कि प्रेरणा कार्यक्रम के सात दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 13 अप्रेल 2024 से 20 अप्रेल 2024 तक भाग लेकर लोटे। इस कार्यक्रम में जिले के रेलमगरा ब्लॉक की राबाउमावि रेलमगरा की छात्रा माही आमेटा एवं राउमावि नाथद्वारा के छात्र मानस बागोरा ने भाग लिया। मार्गरक्षी की रूप में राबाउमावि की अध्यापिका प्रमिला शर्मा ने भाग लिया। कार्यक्रम में भाग लेने के बाद इन्होने अपने अनुभव का साझा करते हुए माही आमेटा कक्षा 9 ने बताया की मेरे प्रेरणा प्रोग्राम में जाने का श्रेय नवोदय विद्यालय समिति, प्रधानाचार्य एवं शिक्षिको को दिया। उसने बताया कि हमने जीवन के आवश्यक मूल्यो के विषय के बारे में जाना यह मूल्य हमें हमारे देश को विकसित बनाने में किस तरह सहायता प्रदान कर सकते है। संस्कृत भाषा के विषय में जाना। मास्टर मानस कक्षा 11 ने बताया कि बहुत सकारात्मक तरीके से शुरू हुआ। हमने वहां अपने जीवन के मूल्यो के महत्व को समझा तथा ये किस प्रकार से हमारे व हमारे देश के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह हमने जानने का प्रयास किया। राबाउमावि रेलमगरा अध्यापिका प्रमिला शर्मा ने प्रेरणा कार्यक्रम में मार्गरक्षी के रूप में भेजने के लिए अपना सोभाग्य माना।

## 26 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**राजसमंद।** जिला मुख्यालस के समीपवर्ती राउप्रावि जावद में जिला प्रभारी राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय डॉ परसराम योगी की ओर से सोमवार को 26 छात्र/छात्रों के स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य प्रबोधन में दिनचर्या के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान नर्स सावित्री कुमारी सालवी, संस्था प्रधान किरण पालीवाल, शारीरिक शिक्षक मनोहरलाल पालीवाल, पायल छीपा सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर (राज.)**

क्रमांक:-क.ब./2023-24/721 दिनांक22.4.2024

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कच्ची बस्ती आवास सर्वे संख्या 09 जो डि-नोटिफाइड कच्ची बस्ती इन्द्रा कॉलोनी, गोवर्धन विलास,उदयपुर में स्थित है जिसका आकार 131.04 वर्ग गज होकर आवासीय पट्टा जारी है। इस आवास को प्रार्थी श्री मोहम्मद बदरूदीन पिता श्री इरशाद खान निवासी-269 नूरी चौक, खांजीपीर, उदयपुर ने अपने नाम पर नामान्तरण जारी करने हेतु इस कार्यालय में दिनांक 15.03.2024 को आवेदन प्रस्तुत किया है।

पूर्व में उक्त सर्वे संख्या 09 जो डि-नोटिफाइड इन्द्रा कॉलोनी, गोवर्धन विलास,उदयपुर नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर के द्वारा दिनांक 01.06.2004 को श्री मोहन कालबेलिया एवं श्रीमती भूरी बाई कालबेलिया के नाम आवासीय नियमन किया गया। वर्तमान में उक्त आवास श्री मोहन कालबेलिया एवं श्रीमती भूरी बाई कालबेलिया के नाम आलेख में दर्ज है।

प्रार्थी ने उक्त आवास स्व: घोषणा पत्र, पहचान पत्र एवं पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 10.11.2023 के दस्तावेज के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण चाहा जा रहा है।

अत: समस्त आम-खास को सूचित किया जाता है कि उक्त आवास प्रार्थी के नाम करने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन से 07 दिनों के भीतर इस कार्यालय में लिखित में प्रमाणित दस्तावेजों के साथ कच्ची बस्ती शाखा में प्रस्तुत करें, बाद समाप्त अवधि नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। सूचित हो।

**आयुक्त-नगर निगम, उदयपुर**

प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद, राजसमन्द**

सं.347-348 **लोक-सूचना** दिनांक :19/4/2024

श्री योगेश गिरी पिता श्री भंवरगिरी गुसाई निवासी कांकरोली तहसील व जिला राजसमन्द द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर - कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र.सं. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजसमन्द | कांकरोली | 522/4 | रकबा 0.0405 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 19/4/2024 को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द**